कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 05/06/2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर **‘‘एक पेड़ माँ के नाम’’** अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ‘‘प्लास्टिक प्रदूषण का अंत’’ है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार प्लास्टिक प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। अतः महाविद्यालय को पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त करना है। साथ ही पर्यावरण के संरक्षण हेतु महाविद्यालय में ‘‘एक पेड़ माँ के नाम’’ कार्यक्रम का शुभारंभ वृक्षारोपण के माध्यम से किया गया। महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं को परिसर की वर्तमान हरियाली के साथ योजनाबद्ध ढंग से विकसित करने एवं संरक्षण का सुझाव दिया। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों का बढ़ता दोहन और सिमटती हरियाली ने आज तापक्रम को 49 डिग्री तक पहुँचा दिया है। हमारी आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं सचेत करने के लिए आज महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. लता मेश्राम एवं डॉ. एम.एल. प्रसुना एवं छात्रायें उपस्थित रहीं। श्री बल्ला वैष्णव, श्री विजय चन्द्राकर, श्री विमल यादव, श्री ओम ध्रुव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

**(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)**
**प्रभारी प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)




